Title: Need to solve the problems being faced by Indians in getting visas from Pakistan High Commission. −Laid.

श्री कमला प्रसाद रावत (बाराबंकी): अध्यक्ष महोदय, आपका ध्यान पाकिस्तान में बसे अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए पाकिस्तान के हाई कमीशन, नई दिल्ली के यहां देश के कोने कोने से आये नागरिक, महिलायें, बच्चे वीजा के लिए हफ्ता हफ्ता फुटपाथ पर पड़े रहते हैं। उन्हें पूरे पूरे दिन लाइन में खड़े रहना पड़ता है। परन्तु, हाई कमीश्नर से इन लोगों को कोई भी सही बात नहीं बतायी जाती है। पूरे पूरे दिन टेलीफोन पर कोई बात करने को तैयार नहीं होता है और न ही टेलीफोन उठाता है। पाकिस्तान हाई कमीशन को चाहिए कि टोकन प्रणाली शुरू करें और दूरदराज से आये लोगों को बता दिया जाया करे कि वह वीजा के लिए कब आये। पाकिस्तान में स्थित भारतीय दूतावास में पाकिस्तानी नागरिकों को टोकन दिये जाते हैं तथा वीजा के लिए तिथि और समय निश्चित कर दिया जाता है, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी तथा असुविधा नहीं होती है। यही टोकन प्रणाली पाकिस्तान हाई कमीशन कों यहां भी शुरू करना चाहिए। टोकन प्रणाली का तात्पर्य यह है कि प्रतिदिन जमा होने वाले सभी पासपोर्ट व वीजा फार्म प्राप्त करके उनको वीजा देने या न देने के लिए तारीख व समय निश्चित कर दी जाये। इस संबंध में ि वदेश मंत्रालय को अविलम्ब आवश्यक कार्यवाही करना चाहिए।